प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 123/2023)

तत्काल प्रकाशन

हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

विषय: भादूविप्रा के नाम पर होनेवाली धोखाधड़ी से सावधान रहें ।

नई दिल्ली, 15 नवंबर, 2023 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण 'भादूविप्रा) के संज्ञान में यह बात लाई गई है कि कुछ कंपनियां/एजेंसियां/व्यक्ति धोखाधड़ी से जनता/ग्राहकों से कह रहे हैं कि वे भादूविप्रा की ओर से कॉल कर रहे हैं और जनता/ग्राहकों को यह सूचित करते है कि उनके नंबरों का उपयोग अवांछित संदेश भेजने के लिए किया जा रहा है अतः उनके मोबाइल नंबर बंद कर दिए जाएंगे| । इन कंपनियों/एजेंसियों/व्यक्तियों द्वारा यह भी सूचित किया जा रहा है कि उनकी आधार संख्या का उपयोग करके सिम कार्ड प्राप्त की गई है और इसका उपयोग अवैध गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। ये कंपनियां/एजेंसियां/व्यक्ति मोबाइल नंबर बंद होने से बचने के लिए ग्राहकों/जनता को स्काइप वीडियो कॉल पर आने के लिए गुमराह करने का भी प्रयास कर रहे हैं।

2. **आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि भादूविप्रा किसी भी दूरसंचार ग्राहक के किसी भी मोबाइल नंबर को ब्लॉक/डिस्कनेक्ट नहीं करता है। भादूविप्रा कभी भी मोबाइल नंबर बंद करने के लिए ना तो कोई संदेश नहीं भेजता है ना ही कॉल करता है। भादूविप्रा ने ऐसी गतिविधियों के लिए ग्राहकों से संपर्क करने हेतु किसी भी एजेंसी को प्राधिकृत नहीं किया है और ऐसी सभी कॉलें अवैध हैं और उनसे कानून के अनुसार निपटा जाना चाहिए। इसलिए, ट्राई से होने का दावा करने वाले किसी भी कॉल या संदेश को संभावित रूप से धोखाधड़ी माना जाना चाहिए।।**

3. भादूविप्रा के दूरसंचार वाणिज्यिक संप्रेषण उपभोक्ता अधिमान विनियम (टीसीसीसीपीआर) -2018 के अनुसार, एक्सेस सेवा प्रदाता अवांछित संप्रेषण भेजने में संलिप्त मोबाइल नंबरों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रभावित व्यक्ति अपने मामले को संबंधित सेवा प्रदाताओं के साथ उनके संबंधित ग्राहक सेवा केंद्र नंबर पर सीधे उठा सकते है या इस बारे में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल

https://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं या साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकते हैं।

हा./-

(महेंद्र श्रीवास्तव) 21.12.2023

I/C सचिव, भादूविप्रा

*****